## संक्षिप्त समाचार

### रुपये दोगुना करने का झांसा देकर साढ़े दस लाख की ठगी

**प्रयागराज।** । सेवइत बाजार के भुभुई निवासी चंद्र प्रकाश कुशवाहा का आरोप है कि करीब दो वर्ष पहले वजीराबाद के रहने वाले संदीप कुमार पटेल से मुलाकात हुई थी। संदीप ने उन्हें बताया कि बिहार के सारण जिले के रहने वाले उसके मित्र जावेद अंसारी गांव निवासी बृजेश कुमार पटेल के मकान को किराये पर लेकर प्रोग्रेसिव टेंडर्स योजना 123 कंपनी चलाते हैं। रुपये चार माह में दोगुना हो जाएगा। आरोपियों के झांसे में आकर चंद्र प्रकाश कुशवाहा ने करीब दो वर्ष पहले कई किस्तों में 10.96 लाख रुपये निवेश कर दिए। कुछ दिनों के बाद पीड़ित अपनी जमा राशि की जानकारी लेने के लिए उक्त कंपनी में पहुंचे तो आरोपी संदीप कुमार पटेल व जावेद अंसारी ने फर्जी कंपनी का पेपर दिखाया। कुछ दिन के बाद आरोपियों ने कई किस्तों में 40 हजार वापस कर दिए। बाकी मांगने पर मुकदमे में फंसवाने की धमकी दी।

### जागृति शुक्ला एसजीपीजीआई रेफर

**प्रयागराज।** अधिवक्ता जागृति शुक्ला की हालत गंभीर होने पर उन्हें एसजीपीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया गया। वह एक दुर्घटना में घायल थीं। इन्हीं को दिखाने के लिए साथी एसआरएन अस्पताल पहुंचे थे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष विष्णु पांडेय ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हाल में आयोजित सभा के दौरान आरोप लगाया कि अस्पताल में मारपीट के दौरान जागृति को कोई हानिकारक इंजेक्शन लगा दिया गया। इस कारण उसका स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है। अधिवक्ताओं ने जागृति के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर श्रवण कुमार पांडेय, धर्मेंद्र कुमार यादव, प्रियेश पांडेय, मनोज यादव, जिज्ञांशु यादव, अभिषेक शुक्ला, शोभित सिंह, जिला. उद्दीन मलिक उपस्थित रहे।

### गोवंश तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** जिले के होलागढ़ थाना क्षेत्र में गोवंश तस्करी के मामले में पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त विकास शर्मा सराय तालुके दहियावां बाजार निवासी को काशीपुर स्थित नहर की पुलिया के पास गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त और अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत की गई। अभियुक्त पर थाना होलागढ़ में गौवध निवारण और पशु क्रूरता अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज है।

## प्रकृति की विविधता ही जीवन की असली संपदा: मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों एवं प्रकृति प्रेमियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ह्प्रकृति की विविधता ही जीवन की असली संपदा है।

जैव विविधता का संरक्षण मानव जीवन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे, वन्य जीव, जल स्रोत एवं सूक्ष्म जीव मिलकर धरती पर जीवन का संतुलन बनाए रखते हैं। यदि किसी एक प्रजाति का अस्तित्व समाप्त होता है, तो उसका प्रभाव पूरे पर्यावरण तंत्र पर पड़ता है। इसलिए प्रकृति एवं जैव संसाधनों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन हेतु निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। विगत वर्षों में प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया गया है तथा जैव विविधता संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सभी लोग आसपास के पर्यावरण, जल स्रोतों, वन्य जीवों एवं हरियाली के संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं। उप मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से प्रकृति संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संतुलन का संकल्प का आह्वान किया।

# कुर्बानी करते समय तस्वीर नहीं लेनी चाहिए

## इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने ईद-उल-अजहा के संबंध में सलाह की जारी



**कुर्बानी देना महज रस्म नहीं, बल्कि अल्लाह को कुर्बानी सबसे प्यारी इबादत है, यह हजरत इब्राहिम और हजरत इस्माइल की सुन्नत है, कोई और नेक काम इसकी जगह नहीं ले सकता: मौलाना खालिद राशिद फरंगी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया फरंगी महल के अध्यक्ष, मौलाना खालिद राशिद फरंगी महल इमाम ईदगाह और काजी सिटी लखनऊ ने ईद-उल-अजहा के संबंध में लोगों के लिए सलाह जारी की है।

जिसमे ईद-उल-फितर के दिन हर मुसलमान के लिए कुर्बानी देना अनिवार्य है। ईद अल-अजहा (12/11/10 हिजरी, यानी 29/28 और 30 मई 2026) के दिनों में कुर्बानी देना महज रस्म नहीं, बल्कि अल्लाह को कुर्बानी सबसे प्यारी इबादत है। यह हजरत इब्रा. हिम और हजरत इस्माइल की सुन्नत है। कोई और नेक काम इसकी जगह नहीं ले सकता। इसलिए सभी मुसलमानों को कानूनी दायरे में रहते हुए कुर्बानी देने का फर्ज अदा करना चाहिए।हमेशा की तरह, केवल उन्हीं जानवरों की कुर्बानी दी जानी चाहिए जिन पर कोई कानूनी प्रति. बंध न हो। कुर्बानी स्थलों पर सफाई के लिए विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए।कुर्बानी कभी भी खुले स्थानों में, सड़क के किनारे, गलियों में या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं किया जाना चाहिए। पशुओं का मल या गोबर सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंके, बल्कि केवल नगरपालिका के कूड़ेदानों का ही उपयोग करें। कुर्बानी किये गए पशुओं का खून नालियों में न बहाएं। ऐसा करना धार्मिक दृष्टि से अनुचित और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसे बंजर भूमि में दबा दें ताकि यह पौधों और पेड़ों के लिए खाद बन सके।पशु मांस का वितरण अच्छी तरह से पैक करके किया जाना चाहिए।मांस का एक तिहाई हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को दिया जाना चाहिए।कुर्बानी करते समय न तो तस्वीरें लेनी चाहिए और न ही वीडियो बनाना चाहिए और न ही उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड करना चाहिए।अल्लाह के रास्ते में दान के रूप में जानवरों की खालें दान करें।ईद अल-अजहा की नमाज के बाद, गर्मी से राहत के लिए, परिवार और दोस्तों के लिए, साथ ही देश के निर्माण और विकास, शांति और सुरक्षा के लिए और सीमाओं पर तैनात सैनिकों के लिए विशेष दुआ करें। हम पूरी उम्मीद करते हैं कि इन चीजों को लागू किया जाएगा।

## जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अफसरों को चेतावनी दी

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को सख्त संदेश दिया की जनता की समस्याओं का समय पर निस्तारण किया जाए किसी तरह के लापरवाई ही बर्दाशत नहीं की जाएगी।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में हुए इस कार्यक्रम में उन्होंने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी तरह की लाप. रवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर पीड़ित को समय पर और संतुष्टिपरक न्याय मिलना चाहिए।जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर लोगों से मुलाकात की और उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने खास तौर पर राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों में तेजी और पारदर्शिता से काम करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संवेदनशील व्यवहार अपनाने की भी हिदायत दी।जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने पहुंचे थे। इस पर मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि पैसे की कमी के कारण किसी का इलाज नहीं रुकेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में गोसेवा भी की। उन्होंने गोशाला में जाकर गायों और गोवंश को गुड़ खिलाया। भीषण गर्मी को देखते हुए गोवंश की देखभाल के लिए जरूरी निर्देश भी दिए। मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री बच्चों से भी मिले। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और चाकलेट्स बांटीं।

## हुसैनाबाद के व्यापारी अपनी समस्याओं को लेकर एकजुट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में लखनऊ के ऐतिहासिक क्षेत्र हुसैनाबाद क्षेत्र में हुसैनाबाद क्षेत्र के व्यापारियों की एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में तथा संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। व्यापारी नेता संजय गुप्ता के सामने हुसैनाबाद के व्यापारियों ने हुसैनाबाद बाजार की समस्याओं को विस्तार से रखा व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने सभी व्यापारियों को उनकी समस्याओं के समाधान करने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने का आश्वासन दिया तथा सभी से एकजुट होने तथा संगठन का गठन करने का आवाहन किया। ष्हुसैनाबाद आदर्श व्यापार मंडल ष्इकाई में नुसरत हुसैन लाला को अध्यक्ष, रजा इमाम रिजवी को महामंत्री, ब्रज कुमार को कोषाध्यक्ष ,कमर मेहंदी एवं शहजाद अब्बास को उपाध्यक्ष, सनी गुप्ता को मंत्री चुना गया। संरक्षक मंडल में नवाब मसूद अब्दुल्ला साहब एवं कब्बन नवाब साहब को चुना गया तथा कार्यकारी समिति में स"यद अजहर इमाम ,अतहर इमाम, राजू एवं सैयद कंबर को चुना गया प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने नवगठित कमेटी के सभी पदा. धिकारियों को बधाई दी व उन्होंने आश्वासन दिया कि व्यापारियों की हर समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग करेंगे । नवगठित इकाई के अध्यक्ष नुसरत हुसैन लाल ने बताया जून के प्रथम सप्ताह में संगठन व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा ।

## जिलाधिकारी ने जनगणना 2027 का किया शुभारंभ

**लखनऊ।** छावनी परिषद कार्यालय, लखनऊ के प्रांगण में जनगणना 2027 कार्यक्रम का शुभारंभ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी विशाख जी.अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार सिंह, मुख्य अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी अभिषेक राठौर , सहायक निदेशक जनगणना निद. ेशालय उपासना गिरि एवं जिला प्रभारी जनगणना रमेश कुमार पाण्डेय की विशेष उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान जिला. धिकारी द्वारा छावनी परिषद क्षेत्र में संचालित स्वगणना कार्य की सराहना की गई। साथ ही छावनी परिषद द्वारा चलाए गए स्वगणना अभियान एवं जनगणना कार्य हेतु की गई अग्रिम तैयारियों की भी विशेष प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा कि सीमित समयावधि में सुव्यवस्थित रूप से की गई तैयारियां जनगणना कार्य की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से छावनी क्षेत्र के उन 8 प्रगणकों की प्रशंसा की, जिन्होंने सीमित समयावधि में अपने हाउस लिस्टिंग ब्लाक में शत-प्रतिशत स्वगणना कि तथा लगभग 37 ब्लॉक में 35 प्रतिशत से 45 प्रतिशत प्रगणकों द्वारा अपने ब्लॉक में स्वगणना किया गया।

### सडक हादसे में पिता और दो पुत्रों की मौत

**प्रयागराज।** लेप्रोसी चौराहा और रेलवे डाट पुल के बीच रीवा मार्ग पर बड़ा सडक हादसा हो गया। तेज रफ्तार एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार करते हुए दूसरी पटरी पर जा रही मारुति कार से टकरा गई। इसके चलते कार सवार पिता और उसके दो पुत्रों की मौत हो गई। हादसे में दीपक चौरसिया (45) पुत्र छेदीलाल, दिव्यांशु चौरसिया (20) पुत्र दीपक चौरसिया और मान चौरसिया (17) पुत्र दीपक चौरसिया की मौके पर ही मौत हो गई। कुमारी हर्षिता चौरसिया (20) पुत्री दीपक चौरसिया, दीप के बहनोई अनिल चौरसिया (55) और बहन बेबी चौरसिया पत्नी अनिल चौरसिया निवासी दारागंज प्रयागराज घायल हो गए

# एसआरन बवाल: 20 रेजिडेंट डाक्टर निलंबित




**जूनियर डाक्टरों की हड़ताल तीसरे दिन खत्म, इमरजेंसी सेवा बहाल कर दी गई , ओपीडी शनिवार से संचालित होगी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नगर के स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) में तीन दिन पहले घायल अधिवक्ता के परिजनों और चिकित्सकों के बीच हुई मारपीट को तथा धरना प्रदर्शन से बाधित हुई चिकित्सा सेवाओं को गंभीरता से लेते हुए मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. वीके पांडेय ने जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करते हुए 20 रेजिडेंट डाक्टरों को निलंबित कर दिया है।

मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के प्राचार्य डाक्टर वीके पांडेय ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। जांच समिति की संस्तुति के बाद ट्रामा सेंटर में महिला वकीलों से मारपीट के दौरान ड्यूटी पर रहे यूनिट 2 के 20 रेजिडेंट डाक्टरों को प्राचार्य ने निलंबित कर दिया है। इसमें 10 जूनियर और सीनियर रेजिडेंट सर्जरी विभाग के और 10 जूनियर और सीनियर रेजिडेंट आर्थो विभाग के हैं। मेडिकल कालेज के उप प्राचार्य डाक्टर मोहित जैन और जांच समिति के अहम सदस्य प्रोफेसर डाक्टर दिलीप चौरसिया ने बताया कि जांच अभी चल रही है। डाक्टरों को निलंबित किया गया है। जांच पूरी होने के बाद भी यह देखा जाएगा की किसकी क्या गलती रही उसके बाद उचित निर्णय लेंगे। वहीं दूसरी ओर एसआरएन में चल रही जूनियर डाक्टरों की हड़ताल तीसरे दिन शुक्रवार को खत्म हो गई। इमरज. ेंसी सेवा बहाल कर दी गई है। ओपीडी शनिवार से निर्धारित समय से संचालित की जाएगी। मरीज के तीमारदारों से हुई मारपीट के बाद एसआरएन अस्पताल के जूनियर डाक्टरों ने हड़ताल शुरू कर दी थी। इससे अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं ठप हो गई थीं।

# चैंबर ध्वस्तीकरण पर राय ने सीएम को पत्र लिखा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के चैम्बरों के ध्वस्तीकरण, अधिवक्ताओं पर बल प्रयोग तथा न्यायिक व्यवस्था पर उत्पन्न संकट को देखते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय -पूर्व मंत्री ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अधिवक्ता हितों को देखते हुए मांग की हैं।

श्री राय ने पत्र में लखनऊ जनपद न्यायालय परिसर में ध्वस्त किए गए अधिवक्ताओं के चैम्बरों के संबंध में न्यायोचित एवं मानवीय समाधान सुनिश्चित किए जाने, प्रभावित अधिवक्ताओं को उसी परिसर अथवा समीपस्थ क्षेत्र में सम्मानजनक एवं सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाने, अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज एवं बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच तथा दोषी अधिका. रियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने तथा न्यायालय परिसरों में अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करने हेतु अधिवक्ता संरक्षण कानून लाने पर गंभीर विचार किए जाने की मांगउप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है।

# ईंधन बचत का संदेश देने सड़क पर उतरे जज




**लखनऊ।** ईंधन बचत का संदेश देने सड़क पर उतरे जज। जिला जज मलखान सिंह के नेतृत्व में साइकिल जागरूकता रैली निकल गई ।

उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ के प्रशासनिक न्यायमूर्ति जस्टिस राजेश चौहान द्वारा इस जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया ।पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए जजों की अनोखी पहल,घ पर्यावरण संरक्षण को लेकर लखनऊ में जागरूकता अभियान।डालीबाग से साइकिल पर कोर्ट के लिए रवाना हुए जज, सुबह 9 बजे साइकिल से निकले जिले के करीब 70 जज। जजों ने जनता को दिया ईंधन बचत का संदेश के साथ साथ पर्यावरण बचाने के लिए न्यायपालिका की नई पहल। लखनऊ में जजों की साइकिल यात्रा बनी चर्चा का विषय, जस्टिस राजेश चौहान बोले- ऐसे प्रयास बेहद जरूरी। यह कार्यक्रम वर्तमान में उत्पन्न पेट्रोल/ईंधन संकट के प्रति जन जागरूकता फैलाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया है । सभी न्यायाधीश अपनी अपनी साइकिल पर नारे लिखी तख्तियां लगाए हुए थे।

## हत्या के आरोपी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी के मोहल्ला अरनी खाना जिन्सी में अपने ससुर की हत्या के आरोपी कमल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर आरोपी कमल ने हत्या की वजह ससुर से रंजिश बताई।

वायरल वीडियो में आरोपी कमल ने कहा कि परिवारिक विवाद और दुश्मनी के चलते उसने इस वारदात को अंजाम दिया।आरोपी का दावा है कि उसकी पत्नी से विवाद के बाद हुए घटनाक्रम और परिवार में चली आ रही रंजिश के कारण उसने अपने ससुर गणेश की हत्या की है।वीडियो में आरोपी कमल यह भी कहता सुनाई दे रहा है हमने अपनी दुश्मनी का बदला ले लिया है, इसमें हमारे किसी दोस्त या रिश्तेदार जीजा का कोई हाथ नहीं है। हत्या मैने खुद की है।वारदात के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है और पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। मालूम हो कल देर रात आरोपी कमल ने अपने ससुर गणेश की लाठी से पीटकर हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गया था,मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, थाना अध्यक्ष खीरी निराला तिवारी,खीरी चौकी इंचार्ज संजय कुमार यादव, पहुंचे थे, तथा पुलिस ने शव को कब्जे लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# सपा ने हजरत गंज चौराहे पर किया विरोध प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने हजरतगंज चौराहे पर नीट परीक्षा लीक और महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और सपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त खींचतान हुई सपा ने पुलिस पर कपड़े फाड़ने और घसीटने का आरोप भी लगाया ।

समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी, छात्र सभा और यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में हाथों में सरकार विरोधी पोस्टर और बैनर लेकर पहुंचे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।पुलिस ने उन्हें रोकने की को. शिश की तो काफी देर तक धक्का-मुक्की हुई। कई कार्यकर्ता पुलिस बस की छत पर चढ़ गए। पुलिसकर्मियों ने सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने सड़क पर घसीटा, इससे उनके कपड़े फट गए और हाथ छिल गए।समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव आनंद यादव ने बताया कि भाजपा सरकार में लगातार महंगाई, बेरा. ेजगारी और पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। खाने-पीने की वस्तुएं भी लगातार महंगी होती जा रही हैं।समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राज साहनी ने बताया कि जिस तरह से डीजल और पेट्रोल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ है, उसके विरोध में हम समा. जवादी लोग आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में लगातार हत्याएं और बलात्कार की घटनाएं सामने आ रही हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने जबरन हमें बसों में भरकर ले जाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती सहित कई भर्तियां पिछले कई वर्षों से लंबित हैं, लेकिन सरकार ओबीसी वर्ग के हक को लागू नहीं कर रही है और न ही उन्हें जाइनिंग दे रही है। साथ ही, अखिलेश यादव द्वारा पत्रकार वार्ता में मुद्दा उठाने के बावजूद सरकार ने एक ही जाति के तीन लोगों को तीन विश्वविद्यालयों का कुलपति नियुक्त किया है। नीट परीक्षा रद्द और पेपर लीक, महंगे पेट्रोल डीजल, गैस के दाम, दूध के दाम की बढ़ोतरी और महिला सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवारा कुत्तों के झुंड ने बकरों पर हमला बोला

## बुरी तरह काटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** आवारा कुत्तों के झुंड ने दो बकरों पर हमला बोल दिया उन्हें खींचकर दूर तक ले गए। कुत्तों के हमले में बकरे बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है

नगर के मोहल्ला कुरैशी निवासी कौसर के घर के बाहर बंधे दो बकरों पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। कुत्तो की खींचतान में बकरे के गले में बंधी रस्सी टूट गई। और वह उसे बुरी तरह नोचते हुए दूर तक ले गए। हमले में बकरे बुरी तरह घायल हो गए। घटना सीसीटीवी टीवी कैमरे में कैद हो गई। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुत्तों के हमले से इलाके में दहशत का माहौल है जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले मे आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। जिससे बच्चों और पालतू पशुओं पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा है।

## सोनिया बनीं स्वच्छता की ब्रांड एंबेस्डर



**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 को सफल बनाने के लिए नगर पालिका परिषद धनौरा ने अपरा. जिता क्लब की अध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को नगर का स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। अधिशासी अधिकारी ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि सोनिया अग्रवाल लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। अपराजिता क्लब के माध्यम से उनके योगदान को देखते हुए उन्हें यह दायित्व दिया गया है। उन्होंने बताया कि ब्रांड एंबेसडर के रूप में सोनिया अग्रवाल नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण और घर-घर कूड़ा संग्रहण अभियान को बढ़ावा देने का कार्य करेंगी। कार्यक्रम में आरती शर्मा लिपिक, कृष्ण कुमार सफाई प्रभारी, कंचन अग्रवाल, शुभ्रा अग्रवाल, रजनी गर्ग, दीपा जैन समेत नगर पालिका के कर्मचारी और अपराजिता क्लब की सदस्याएं मौजूद रहीं।

## ग्रामीणों को जल बचाने व पेड़ लगाने का संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा।** विकास खंड धनौरा की ग्राम पंचायत पपसरा बांगर में शुक्रवार को जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी सुदेश कुमार ने ग्रामीणों को पानी बचाने, साफ-सफाई रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पानी की हर बूंद कीमती है। अगर अभी से पानी बचाने पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से पानी की बर्बादी रोकने और गांव के तालाब, हैंडपंप व अन्य जल स्रोतों को सुरक्षित रखने की अपील की। कार्यक्रम में जल निगम के भगवान चंद्र, ईश्वर सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# अमन-चैन बिगाड़ने वालों पर रहेगी नजर

## कलक्ट्रेट में डीएम-एएसपी ने ली शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी डा. नितिन गौढ़ ने कहा कि अमरोहा हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की मिसाल रहा है। सभी लोग मिलजुलकर पर्व मनाएं और किसी भी विवाद या समस्या की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते समाधान कराया जा सके।

ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने शांति समिति के साथ अहम बैठक की। डीएम डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि अमरोहा हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की मिसाल रहा है। सभी लोग मिलजुलकर पर्व मनाएं और किसी भी विवाद या समस्या की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते समाधान कराया जा सके। बैठक में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और सड़कों की व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों को विशेष निर्देश दिए गए। वहीं एएसपी अखिलेश भदौरिया ने कहा कि बकरीद पर पुलिस की चाक-चैबंद व्यवस्था रहेगी। नमाज केवल ईदगाह और मस्जिद परिसरों में ही अदा की जाए। बैठक में एडीएम गरिमा सिंह, एएसपी अखिलेश भदौरिया सहित समस्त एसडीएम, ईओ एवं संबंधित अधिकारी एवं पीस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस ने इंदिरा चौक पर लगवाए डिवाईडर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के इंदिरा चौक पर लगने वाले जाम से निजात और वाहनों का आवागमन भली प्रकार व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए पुलिस ने डिवाइडर लगवाए हैं, और वाहन चालकों को नियमानुसार

**जाम से बचाने के लिए पुलिस ने किया प्रयास**

अपनी-अपनी साइड में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।



बता दें कि नगर के इंदिरा चौक पर बुधवार के दिन भीषण जाम लग गया था। जाम के कारण वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं थीं। जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस को दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद पुलिस ने वाहनों का स्ंचालन व्यवस्थित रूप से करने के लिए इंदि. रा चौक पर डिवाइडर लगवाए। डिवाइडर लगवाने के बाद पुलिस ने वाहन चालकों को व्यवस्थित रूप से चलवाने के लिए प्रेरित भी किया। जो वाहन चालक पहले किसी भी दिशा से वाहनों की एंट्री कर लेते थे, अब ऐसा नहीं होगा। उन्हें पुलिस द्वारा बनाये गए रुट के हिसाब से अपने वाहन चलाने होंगे, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। वहीं डिवाइडर लगवाने के बाद इंदिरा चौक पर जाम का असर भी कम देखने को मिला। स्थानीय दुकानदारों ने भी पुलिस द्वारा उठाये गए कदम की सराहना की।

# बारसाबाद गांव में प्रदुषण की जांच को पहुंची टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ग्रामीणों द्वारा कमिश्नर व डीएम से प्रदुषण को लेकर की गई शिकायत के बाद शुक्रवार को बिजनौर से आई प्रदुषण नियंत्रण विभाग की टीम ने जांच की। ग्रामीणों को भरोसा दिया कि जांच कर उचित

**नागरिकों ने कमिश्नर व डीएम से की थी शिकायत**

कार्रवाई की जाएगी।



बता दें कि बारसाबाद गांव के लोगों ने कमिश्नर व डीएम से शिकायत की थी कि 19 मई और 21 मई की रात को सांस लेने में परेशानी हुई और गैस की बदबू आई। ऐसा लगा कि औद्योगिक इकाईयों द्वारा प्रदुषित गैस वातावरण में छोड़ी गई हो। बताया कि गैस इतनी तीव्र थी कि जिससे सोते हुए लोगों की आंखें खुल गईं और आंखों में तेज जलन व सांस लेने में तकलीफ होने लगी। नींद भी खुल गई। ग्रामीणों को काफी देर तक बैचेनी रही। 19 मई के बाद फिर 21 मई की रात को भी यही घटना हुई। इस शिकायत के बाद कमिश्नर ने प्रदुषण नियंत्रण विभाग की टीम को गांव में पहुंचकर जांच करने के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को यहां पहुंची टीम ने ग्रामीण राहुल, महेंद्र, वीर सिंह, रिंकू, राम सिंह, रामवीर से बात कर आश्वासन दिया है कि टीम गठित कर जांच की जाएगी। प्रदुषण विभाग की टीम में सुभाष कुमार आदि सम्मिलित रहे।

# दबंगों ने उखाड़ा बाबा साहेब का बोर्ड

## ग्रामीण भड़के, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जमीन कब्जाने के इरादे से महापुरुषों के अपमान की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला कोतवाली हसनपुर क्षेत्र के गांव पीपलोती कलां से सामने आया है। जहाँ एक दबंग व्यक्ति ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से वहां लगे डॉ. भीमराव अंबेडकर के बोर्ड को उखाड़ कर फेंक दिया।

आरोप है कि जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो आरोपी दबंग अपनी दबंगई पर उतारू हो गया। और ग्रामीणों के साथ अभद्र भाषा व गाली-गलौज शुरू कर दी। बाबा साहब का बोर्ड उखाड़े जाने की खबर आग की तरह फैल गई। जिसके बाद देखते ही देखते कई गांवों के ग्रामीण भारी संख्या में मौके पर जमा हो गये। मामले की गंभीरता और बढ़ते तनाव को देखते हुए तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुँचा। पुलिस ने स्थिति को संभाला और मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांति भंग के तहत चालान कर दिया। पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

## एक नजर

### युवती को भगा ले जाने में दो पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर निवासी महिला ने अपनी 24 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में मुक. दमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। महिला द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार 27 अप्रैल की रात परिवार के अन्य सदस्य रिश्तेदारी में गए हुए थे, जबकि उनकी पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान रामपुर जिले के थाना पटवाई क्षेत्र के गांव रजौड़ा निवासी विकास पुत्र राजन तथा उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी वीरपाल पुत्र नामालूम ऑटो लेकर वहां पहुंचे और उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। पीड़िता की मां का कहना है कि उन्होंने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन पुत्री का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने डिडौली थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### शिक्षित बेटियां ही देश का भविष्य: वासे



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स पीजी कॉलेज में गुरुवार को देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद, इस्लामिक स्कॉलर एवं पद्मश्री सम्मानित डॉ. अख्तरुल वासे का भव्य स्वागत किया गया। चेयरमैन डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी एडवोकेट ने उन्हें शॉल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। डॉ. अख्तरुल वासे ने अपनी पत्नी सबीहा वासे के साथ कॉलेज की लाइब्रेरी का भ्रमण किया और वहां उपलब्ध पुस्तकों व शैक्षिक वातावरण की सराहना की। उन्होंने कॉलेज के अनुशासन, शिक्षण व्यवस्था और स्टाफ के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी को अपनी दुआओं से नवाजा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षित बेटियां ही समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा और आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. रिजवाना कुलसुम, कारी मिर्जा अनस अमरोही समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सैदनगली में बकरीद से पहले महंगाई ने छुड़ाए पसीने

## बाजार में रौनक! 90 हजार में बिका बकरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** साप्ताहिक बकरा बाजार में बकरीद से पहले भारी रौनक देखी गई। इस बार पशुओं के दाम आसमान छू रहे हैं, जहां एक बकरा 90 हजार रुपए में बिका। महंगाई के बावजूद खरीदारों की भीड़ उमड़ी पड़ी है।

कस्बे में शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में ईद के मद्देनजर खरीदारों और व्यापारियों की भारी भीड़ उमड़ी। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पशु खरीदने पहुंचे, जिससे दिनभर चहल-पहल बनी रही।बाजार में इस बार पशुओं के दामों में भारी उछाल देखा जा रहा है। व्यापारी मोहम्मद मेहंदी ने बताया कि इस बार बाजार में सबसे महंगा बकरा 90,000 रुपए में बिका है, जो अब तक का सबसे अधिक दाम है। बाजार में आए सभी खरीदार पिछली बार की तुलना में कहीं अधिक महंगाई बता रहे हैं। वहीं, व्यापारी वाहिद ने भी पुष्टि की कि हर साल के मुकाबले इस बार पशुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। चूंकि बकरीद का त्योहार हर साल पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, इसलिए लोग महंगी कीमतों के बावजूद अपनी पसंद के बकरे खरीदने में जुटे हैं। दूर-दराज से आए ग्रामीणों की मौजूदगी से बाजार देर शाम तक गुलजार रहा।



# तेंदुए ने बछिया को बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव में जंगली जानवर ने बछिया को अपना शिकार बना लिया। ग्रामीणों को आशंका है कि तेंदुए ने यह घटना की है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जाल आदि लगवाकर तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है। वहीं तेंदुए के डर से लोगों ने अकेले खेतों पर जाना छोड़ दिया है।

मामला थाना क्षेत्र के गाँव मझौला का है। यहाँ निवासी ग्रामीण शूरवीर ने एक बछिया पाल रखी है। बताते हैं

**थाना क्षेत्र के गांव मझौला की घटना**

कि बीती रात एक जंगली जानवर ने बछिया को अपना शिकार बना लिया और वह मृतावस्था में मिली। आसपास में पंजो के निशान भी मिले। घटना का पता चलते ही शूरवीर के घर पर ग्रामीणों की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी। ग्रामीणों को आशंका है कि तेंदुए ने यह घटना की है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जाल आदि लगवाकर तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है।

## युवती को ले जाने में युवक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।पीड़ित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रिश्तेदारी में दिल्ली गई हुई थीं। गुरुवार को उनकी 15 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि मुरादाबाद जिले के थाना छजलैट क्षेत्र के गांव चेतरामपुर निवासी सचिन पुत्र सोमपाल उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपित सचिन की बहन की शादी उनके गांव में हुई हैद्यजिस कारण उसका गांव में आना-जाना था।महिला के अनुसार, उसी दिन उनकी पुत्री ने मोबाइल फोन से काल कर बताया कि वह चंडीगढ़ जा रही है। इसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। स्वजनों ने काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका।पीड़ित महिला की तहरीर पर डिडौली पुलिस ने आरोपित सचिन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एएसएम पब्लिक स्कूल में समर कैंप की धूम



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** ए.एस.एम. पब्लिक स्कूल, जगुआ खुर्द में चल रहे समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूल पार्टी में जमकर मस्ती की और विभिन्न गीतों पर डांस कर समर कैंप का आनंद उठाया। बच्चों ने गर्मी के बीच पूल पार्टी का भरपूर लुत्फ उठाते हुए राहत महसूस की। वहीं कक्षा एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं को प्रेरणादायक फिल्म तारे जमीन पर दिखाई गई, जिसे बच्चों ने काफी उत्साह के साथ देखा और सराहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चारु वार्ष्णेय ने बच्चों को भीषण गर्मी और लू से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, अधिक पानी पीने तथा शरीर में पानी की कमी न होने देने के लिए जरूरी सुझाव दिए।

### ट्यूबवैल पर सिंचाई करते समय हुआ हादसा, चार बच्चों पर टूटा दुखों का पहाड़

# करंट की चपेट में आकर किसान की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव हैदलपुर में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। खेत पर ट्यूबवेल से सिंचाई कर रहे किसान की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे और एक बेटी समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

गांव निवासी महेश गुर्जर पुत्र बिजजन सिंह, उम्र करीब 48 वर्ष, रोज की तरह शुक्रवार सुबह अपने खेत पर स्थित ट्यूबवेल पर सिंचाई करने गए थे। बताया जा रहा है कि सिंचाई के दौरान अचानक ट्यूबवेल में करंट उतर आया। जैसे ही महेश ने मोटर और पाइप के पास हाथ लगाया, वह तेज करंट की चपेट में आ गए। करंट इतना तेज था कि वह मौके पर ही गंभीर रूप से झुलस गए और जमीन पर गिर पड़े। खेतों में काम कर रहे आसपास के किसानों ने जब चीख-पुकार सुनी तो मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने किसी तरह उन्हें करंट से अलग किया और तुरंत परि. जनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग बदहवास हालत में खेत पर पहुंचे। आनन-फानन में महेश को उपचार के लिए हसनपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि मासूम बच्चे पिता की मौत से बेसुध नजर आए। गांव के लोग परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे रहे। ग्रामीणों के मुताबिक महेश बेहद मेहनती, शांत और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। खेती-किसानी करके ही वह अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी असमय मौत से गांव में हर आंख नम दिखाई दी। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों ने खेतों में लगे बिजली उपकरणों और जर्जर तारों की नियमित जांच कराने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन बिजली संबंधी लापरवाही के कारण इस तरह के हादसे सामने आते रहते हैं, लेकिन विभाग इस ओर गंभीर नहीं है।

**बच्चों की सिसकियों से भर आई आंखे....**

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** गांव हैदलपुर में शुक्रवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। खेत पर सिंचाई कर रहे किसान महेश गुर्जर की करंट लगने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद उनके तीन बेटों और एक बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया। महेश रोज की तरह सुबह खेत पर काम करने गए थे, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि वह कभी लौटकर नहीं आएंगे। पिता की मौत की खबर मिलते ही मासूम बच्चों की चीख-पुकार सुन हर आंख नम हो गई। पत्नी बेसुध हो गई, जबकि बच्चे बार-बार अपने पिता को उठाने की कोशिश करते रहे। मासूमों की सिसकियों ने सभी की आंखे नम कर दीं। मासूम अपने पिता को हिला हिलाकर उठाने की कोशिश करते रहे। मगर शायद उन्हें नहीं पता कि अब उनका पिता जिदंगी भर के लिए उनका साथ छोड़कर चला गया है....

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धनौरा ( अमरोहा )**

पत्रांक: 107/न.पा.प.ध./तीन/निर्माण/2026 दिनांक: 22 मई 2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद धनौरा को पेयजल हेतु व्यवस्था योजना से प्राप्त धनराशि से कार्य कराये जाने हेतु पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों, अन्य सरकारी विभागों में पंजीकृत/कार्यरत् ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड/अपलोड दिनांक 23.05.2026 को प्रात: 11 बजे से दिनांक 03.06.2026 की अपरान्ह 1.00 बजे तक की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 03.06.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी। वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा से संबंधित विवरण एवं शर्ते आदि देखे जा सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद धनौरा
(अमरोहा)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद धनौरा
(अमरोहा)

## मकान सूचिकरण को लेकर पालिका में मंथन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए सभी कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। नगर पालिका में जनगणना की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्रीमती विभा श्रीवास्तव एवं ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने जनगणना कार्य में लगाए गए सुपरवाइजरों को मकान सूचिकरण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। बैठक में अधिकारियों ने जनगणना प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। साथ ही सुपरवाइजरों द्वारा पूछे गए सवालों और जनगणना से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। ईओ ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए सभी कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# हीट वेव में डीएम की अपील, लगवाएं प्याऊ

■ पशु-पक्षियों के लिए भी पानी रखने का आह्वान, बोले-पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तेज हीट वेव को देखते हुए डीएम अविनाश सिंह ने आम जनमानस से इंसानियत और संवेदनशीलता दिखाने की अपील की है। डीएम ने लोगों से जगह-जगह प्याऊ लगवाने और पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं होता।

जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा बरेली अविनाश सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी और हीट वेव से जहां आम लोग परेशान हैं, वहीं गौवंश, पशु-पक्षी और पेड़ों पर रहने वाले जीव भी पानी की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में नागरिक सुरक्षा संगठन द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर आमजन, गौवंश और पक्षियों के लिए प्याऊ एवं मिट्टी के बर्तनों में पानी रखने की व्यवस्था शुरू की गई है।

उन्होंने कहा कि पेड़ों के नीचे रखे गए मिट्टी के बर्तनों में पानी भरने से गिलहरी, कबूतर, गौरैया समेत अन्य पक्षियों को भी राहत मिलेगी। साथ ही राहगीरों और जरूरतमंद लोगों को भी धूप में आसानी से पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस अभियान की शुरुआत डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में पक्षियों के लिए मिट्टी के बर्तन में पानी भरवाकर की। यह व्यवस्था नागरिक सुरक्षा के सेक्टर वार्डन शंकर शर्मा, अलखनाथ प्रखंड द्वारा उपलब्ध कराए गए बर्तनों से की गई।

डीएम ने नगरवासियों, सामाजिक संगठनों और नागरिक सुरक्षा के सभी वार्डनों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्याऊ लगवाएं और पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस कठिन समय में किया गया यह कार्य न केवल मानवता की सेवा है, बल्कि बेहद पुण्य का काम भी है।

# नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया अज्ञात बाइक सवार, मुकदमा दर्ज

■ बहेड़ी पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर शुरू की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिली जागीर से एक नाबालिग किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर बहेड़ी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सिली जागीर निवासी रामवाईन पुत्र दशरथ वाईन ने थाना बहेड़ी में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी करीब 16 वर्षीय पुत्री अंकिता वाईन को एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल संख्या यूपी 31 ए एक्स 8965 से बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मोटरसाइकिल नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, किशोरी की बरामदगी व आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### चैलेंजर्स ने नौ विकेट से दर्ज की शानदार जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** संत मंगल पुरी इंटर कॉलेज मीरगंज में आयोजित समर कैंप के अंतर्गत क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार को रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मैच चैलेंजर्स और प्राइड टीम के बीच हुआ, जिसमें चैलेंजर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

टॉस जीतकर चैलेंजर्स के कप्तान इकरार अली ने पहले फील्डिंग का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए प्राइड टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 116 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चैलेंजर्स टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र सात ओवर में 117 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।समापन पर कॉलेज के उपप्रबंधक बाबा अरविंद गिरी और प्रधानाचार्य सोनू गुप्ता ने विजेता टीम को सम्मानित किया। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभय शर्मा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर मेडल पहनाया गया। प्रवक्ता अंबा प्रसाद ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि अभय पाराशरी ने पूरे मैच की वीडियोग्राफी की। टूर्नामेंट का संचालन चिराग सक्सेना और अनुराग की निगरानी में संपन्न हुआ।

### तीन माह पहले प्रेमी से निकाह कर चुकी थी बीएससी छात्रा, गुमशुदगी के बाद थाने पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के एक कॉलेज में बीएससी की छात्रा के गायब होने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। छात्रा ने तीन माह पूर्व ही अपने प्रेमी से निकाह कर लिया था, लेकिन इसकी भनक उसके परिजनों को नहीं लगी। छात्रा के अचानक लापता होने पर पिता ने शाही थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।गुरुवार को छात्रा स्वयं शाही थाने पहुंच गई और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। छात्रा ने बताया कि 14 मई को उसका भाई उसे कॉलेज गेट तक छोड़ने आया था, जहां से वह अपने प्रेमी मोनिश के साथ चली गई। छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसने करीब तीन माह पूर्व मोनिश से निकाह कर लिया था।थाने में पहुंचे परिजनों के साथ घर जाने से छात्रा ने साफ इंकार कर दिया। इसके बाद वह अपने ससुराल चली गई। पुलिस ने छात्रा के बयान दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की।

# भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मरों को बचाने के लिए बिजली विभाग की 'वॉटर थेरेपी'



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** भीषण गर्मी और लू का प्रकोप अब केवल इंसानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बिजली व्यवस्था पर भी इसका असर साफ दिखाई देने लगा है। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से ट्रांसफार्मरों के अधिक गर्म होकर फुंकने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में मीरगंज विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 'वॉटर थेरेपी' अभियान शुरू किया है।

अभियान के तहत ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए उन पर मोटर के जरिए लगातार पानी डाला जा रहा है। साथ ही अर्थिंग लाइन में भी पानी डाला जा रहा है, ताकि ट्रांसफार्मर का तापमान नियंत्रित रहे और तकनीकी खराबी से बचाव हो सके।मीरगंज टाउन विद्युत उपकेंद्र की टीमें लगातार फील्ड में रहकर ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के कार्य में जुटी हैं। टाउन यार्ड में लगे 5 एमवीए के बड़े ट्रांसफार्मर के साथ-साथ शहरी व ग्रामीण इलाकों में लगे 400 केवीए और 250 केवीए ट्रांसफार्मरों की भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उनकी अर्थिंग व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखते हुए नियमित रूप से पानी डाला जा रहा है, ताकि ओवरहीटिंग की समस्या न हो।इस पूरे अभियान की निगरानी उपखंड अधिकारी इंजीनियर सूर्य प्रताप सिंह स्वयं कर रहे हैं। उनके साथ अवर अभियंता करुणेश मिश्रा और रामदेव वर्मा भीषण धूप में सड़क पर उतरकर व्यवस्था संभाल रहे हैं।अधिकारियों ने बताया कि तेज गर्मी के चलते अर्थिंग सूख जाती है, जिससे ट्रांसफार्मर तेजी से गर्म होने लगते हैं और वोल्टेज संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

अर्थिंग में पानी डालने से सिस्टम सुचारू बना रहता है, जिससे ट्रांसफार्मर सुरक्षित रहते हैं और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल पाती है।

# स्मैक तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ अवैध स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 72 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई अहम जानकारियां दी हैं, जिनके आधार पर पुलिस अब मामले की गहराई से जांच कर रही है।

थाना पुलिस गश्त पर थी इसी दौरान सूचना मिली कि सरजू यादव कट के पास बने यात्री शेड पर कुछ लोग अवैध स्मैक के साथ मौजूद हैं। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी आदेश कुमार ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस ने कासिम और जमीर अहमद को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान कासिम के पास से 26 ग्राम और जमीर अहमद के पास से 46 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी कासिम ने बताया कि वह स्मैक जमीर अहमद से खरीदता था और अधिक कीमत पर बेचकर अपने खर्च पूरे करता था। वहीं जमीर अहमद ने बताया कि वह स्मैक ड्राइवरों और राहगीरों को बेचता था और इसी से अपनी आजीविका चलाता था। आरोपी ने यह भी कहा कि वह विकलांग होने के कारण मजदूरी नहीं कर पाता है। पूछताछ में कुछ अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी जमीर अहमद पहले से भी एक एनडीपीएस मामले में वांछित चल रहा था। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना फतेहगंज पश्चिमी में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह का कहना है कि पूछताछ में मिली गोपनीय जानकारियों के आधार पर आगे की कार्रवाई और जांच जारी है।

### चेयरमैन ने प्रगणक का माल्यार्पण कर किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जनगणना के प्रथम चरण के तहत नगर पंचायत मीरगंज क्षेत्र में प्रगणकों द्वारा गृह भ्रमण एवं हाउस लिस्टिंग का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रगणक रवि प्रताप सिंह नगर पंचायत चेयरमैन योगेंद्र कुमार गुप्ता के आवास पर हाउस लिस्टिंग के लिए पहुंचे।इस दौरान चेयरमैन ने प्रगणक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए सभी नागरिक सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें, जिससे योजनाओं का लाभ आमजन तक बेहतर तरीके से पहुंच सके।

### समर कैंप में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की प्रतिभा की रंगारंग झलक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बीडीएम पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप का शुक्रवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। समर कैंप में छात्रों के सर्वांगीण विकास को विविध रचनात्मक, बौद्धिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, प्रतिभा प्रदर्शन, कला सज्जा, चित्रकला, नेल आर्ट, कांच चित्रकारी, कैनवास कला, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री निर्माण करना, अंत:कक्षीय एवं बाह्य खेल, कहानी लेखन, संगीत सत्र, ओरिगामी, मृत्तिका शिल्प निर्माण, पक्षियों के लिए दाना पात्र निर्माण, योग, ध्यान, जुम्बा कक्षाएं तथा सार्वजनिक वक्तृत्व कला जैसी गतिविधियों में सहभागिता की। निदेशक अचल मिश्रा ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने एवं अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या डा. चारू खन्ना ने समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के सीखने के अनुभवों की प्रशंसा करते हुए कहा वर्तमान शिक्षण अधिगम परिवेश में इस प्रकार की गतिविधियां समय की आवश्यकता हैं, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# बरेली पहुंचे नन्दू महाराज, आज होगा श्री श्याम गुणगान महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** श्री श्याम परिवार, बरेली के तत्वावधान में आयोजित होने वाले श्री श्याम गुणगान महोत्सव में शामिल होने के लिए वृंदावन धाम से परम श्रद्धेय गुरुजी नन्द किशोर शर्मा "नन्दू जी महाराज" शुक्रवार शाम करीब छह बजे बरेली पहुंचे। गांधी नगर कॉलोनी स्थित एमबी इंटर कॉलेज के पास श्याम प्रेमियों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा।श्री श्याम परिवार के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार 23 मई को श्री त्रिवटी नाथ मंदिर में आयोजित श्री श्याम गुणगान महोत्सव में नन्दू जी महाराज अपनी मधुर वाणी से स्वरचित भजनों के माध्यम से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे और श्याम नाम की अविरल धारा प्रवाहित करेंगे।महोत्सव को भव्य बनाने के लिए इस वर्ष बाबा श्याम के विशाल दरबार की विशेष सजावट कराई जा रही है। कलकत्ता से मंगाए गए विशेष फूलों से बाबा श्याम, श्री बालाजी महाराज और भगवान गणेश का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही छप्पन भोग और भजनों की प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाम सात बजे ज्योति प्रज्वलन के साथ होगा। इसके बाद राहुल जौहरी, अंकुश अग्रवाल और कुकी अरोड़ा द्वारा गणेश वंदना, गुरु वंदना और हनुमान वंदना प्रस्तुत की जाएगी। इसके उपरांत नन्दू जी महाराज भजनों की प्रस्तुति देंगे।गुरुजी के स्वागत में नीरज अग्रवाल, अनुपम टेबड़ीवाल, विक्रम अग्रवाल, बीएम सोनी, श्याम कृष्ण गुप्ता, समित अग्रवाल, राम औतार प्रधान, राहुल जौहरी, अंकुश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# 20 साल बाद खतौनी से नाम निरस्त, किसान ने हाईकोर्ट में दी चुनौती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील क्षेत्र के गांव पचपेड़ा में जमीन विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। किसान ने आरोप लगाया है कि 20 साल बाद आए चकबंदी सीओ के आदेश के आधार पर उसकी जमीन से उसका नाम खतौनी से हटा दिया गया, और बाद में विवादित जमीन का बैनामा एक यूनिवर्सिटी के कुलपति के रिश्तेदारों के नाम करा दिया गया। पीड़ित ने मामले को लेकर उच्च न्यायालय समेत प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की है।

**कुलपति पर विवादित जमीन रिश्तेदारों के नाम कराने और दबाव बनाने का आरोप**

गांव पचपेड़ा निवासी सरदार भगवान सिंह नामधारी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1995 में गाटा संख्या 519 की जमीन गुरनाम सिंह से खरीदी थी। आरोप है कि वर्ष 2015 में चकबंदी सीओ का एक आदेश आया, जिसके आधार पर बिना कोई सूचना दिए उनकी जमीन से नाम निरस्त कर दिया गया। जबकि गांव में चकबंदी की प्रक्रिया वर्ष 1965 में ही समाप्त हो चुकी थी। भगवान सिंह के अनुसार जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वाद दायर कर दिया। मामला तब से न्यायालय में विचाराधीन है और लगातार सुनवाई चल रही है। पीड़ित किसान का आरोप है कि मुकदमे की जानकारी होने के बावजूद 24 जनवरी 2025 को एक यूनिवर्सिटी के कुलपति ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए विवादित जमीन का बैनामा अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के नाम करा दिया। इसके बाद तहसील प्रशासन ने दाखिल-खारिज भी कर दिया। किसान ने इस बैनामे को भी हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जबकि दाखिल-खारिज के खिलाफ जिला अधिकारी न्यायालय में अपील दाखिल की गई है।

भगवान सिंह ने आरोप लगाया कि मामले में संबंधित पक्ष पहले से ही न्यायालय में पक्षकार थे, इसके बावजूद विवादित भूमि का बैनामा कराया गया। उन्होंने तत्कालीन नायब तहसीलदार शोभित चौधरी पर भी गंभीर आरोप लगाए। किसान का कहना है कि नायब तहसीलदार ने उन्हें न्यायालय में बुलाकर धमकाया, और सुविधा शुल्क की मांग की थी। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित किसान ने बताया कि वह वर्ष 1995 से जमीन पर मकान बनाकर परिवार सहित रह रहे हैं, लेकिन अब जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। इससे उनका परिवार भयभीत है। मामले की शिकायत राज्यपाल, उच्च शिक्षा निदेशक, डीएम और एसडीएम से भी की गई है।

### चकबंदी में अनियमितता का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बकरी अब्दुल नबीपुर के ग्रामीणों ने गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया पर निष्पक्षता न होने का आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी मीरगंज को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से गांव में चकबंदी कार्य चल रहा है, लेकिन प्रक्रिया नियमों के अनुरूप नहीं की जा रही है, जिससे किसानों में असंतोष व्याप्त है।ग्रामीणों ने मांग की कि चकबंदी कार्य खेतों के मूल नंबर एवं गाटा संख्या के आधार पर नियमों के अनुसार किया जाए, ताकि किसी भी किसान के साथ अन्याय न हो। उन्होंने भूमि संबंधी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की भी मांग उठाई।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो तहसील मीरगंज परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान राम प्रसाद, नौबत राम मौर्य, मोहनलाल, हरपाल मौर्य, परमानंद, नन्हेंलाल, रामरतन, छत्रपाल, भूपराम, कृष्णपाल और रामवीर मौर्य समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# बरेली में शुरू हुई लाइव जनता दर्शन व्यवस्था

■ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों से सीधे जुड़ेंगे फरियादी, डीएम करेंगे शिकायतों की लाइव मॉनिटरिंग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनशिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण के लिए बरेली प्रशासन ने एक नई पहल शुरू की है। डीएम अविनाश सिंह ने जिले में लाइव जनता दर्शन प्रणाली लागू कर दी है, जिसके तहत अब फरियादियों की शिकायतों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित विभागीय अधिकारियों से सीधे जोड़ा जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत जनता दर्शन में आने वाले फरियादी अपनी समस्या सीधे अधिकारियों के सामने रख सकेंगे। शिकायत सुनते ही संबंधित विभाग के अधिकारी से तत्काल संवाद स्थापित होगा और उसी समय समस्या के समाधान की दिशा में कार्रवाई शुरू की जाएगी। खास बात यह है कि पूरे निस्तारण प्रक्रिया की लाइव मॉनिटरिंग स्वयं जिलाधिकारी द्वारा की जाएगी।

डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य शिकायत निस्तारण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि कई बार फरियादियों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। लाइव जनता दर्शन व्यवस्था लागू होने से आमजन को काफी राहत मिलेगी और शिकायतों का निस्तारण तेज गति से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित यह प्रणाली अधिकारियों की जवाबदेही तय करेगी, और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही की गुंजाइश कम होगी। साथ ही इससे भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि यह नई व्यवस्था आमजन और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करेगी तथा शिकायत निस्तारण प्रणाली में लोगों का भरोसा बढ़ाएगी। जिले में इस पहल को लेकर लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

# शिक्षकों को मनचाही तैनाती पंचायत सहायकों में नाराजगी

■ दूर ड्यूटी लगाए जाने पर पंचायत सहायकों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** विकासखंड बहेड़ी की 108 ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों ने जनगणना ड्यूटी को लेकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पंचायत सहायकों ने आरोप लगाया कि शिक्षकों की ड्यूटी उनकी सुविधा और पसंद के अनुसार लगाई गई है, जबकि पंचायत सहायकों को दूर-दराज के क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। इससे उनमें भारी नाराजगी है।

शुक्रवार को बड़ी संख्या में पंचायत सहायक तहसील परिसर पहुंचे और तहसीलदार से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। पंचायत सहायकों का कहना था कि नियुक्ति के समय उन्हें आश्वासन दिया गया था कि उनकी ड्यूटी उनकी अपनी ग्राम पंचायत में ही लगाई जाएगी, लेकिन अब इसके विपरीत दूर क्षेत्रों में तैनाती की जा रही है। पंचायत सहायकों ने इसे भेदभावपूर्ण रवैया बताते हुए कहा कि जब शिक्षकों को उनकी मर्जी के अनुसार ड्यूटी दी जा सकती है, तो पंचायत सहायकों के साथ अलग व्यवहार क्यों किया जा रहा है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि यदि उनकी ड्यूटी उनकी ग्राम पंचायत में नहीं लगाई गई तो सभी पंचायत सहायक सामूहिक रूप से जनगणना कार्य का बहिष्कार करेंगे।

तहसीलदार ने पंचायत सहायकों को शांत करते हुए उनकी समस्या पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया। साथ ही सुझाव दिया कि पंचायत सहायक आपसी सहमति से अपनी ड्यूटी बदल भी सकते हैं। फिलहाल प्रशासन और पंचायत सहायकों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। अब देखना होगा कि प्रशासन पंचायत सहायकों की मांग मानता है या मामला और तूल पकड़ता है।

### नवाबगंज में युवक पर चाकू से हमला, दो भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव पिपरा निगाही में परचून की दुकान पर सामान लेने गए एक युवक पर दो सगे भाइयों ने हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान एक आरोपी ने युवक की गर्दन पर चाकू से बार कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव पिपरा निगाही निवासी मो0 परवेज ने थाना नवाबगंज में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के इकरार अहमद से किसी बात को लेकर पहले कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश में गुरुवार सुबह करीब आठ बजे वह गांव में राशिद की परचून की दुकान पर सामान लेने गया था। तभी इकरार अहमद और उसका भाई इरफान अहमद वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इरफान ने उसे पकड़ लिया और इकरार ने उसकी गर्दन पर चाकू से बार कर दिया। बचाव में हाथ लगाने पर चाकू उसके बाएं हाथ में लग गया, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ईदगाह में नौ बजे अदा की जाएगी ईदुल अजहा की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की ईदगाह में ईदुल अजहा (बकरीद) की नमाज का वक्त मुकर्रर कर दिया गया है।

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की जेरे सरपरस्ती में अदा की जाने वाली ईदुल अजहा (बकरीद) की नमाज 9 बजे अदा की जाएगी। धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर मो0 असलम अंसारी के मुताबिक भीषण गर्मी और कुर्बानी को देखते हुए कमेटी ने ईदगाह में ईदुल अजहा की नमाज सुबह 9 बजे अदा कराए जाने का निर्णय लिया है।

,नमाज जामा मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना कारी फरियाद हुसैन द्वारा अदा कराई जाएगी। कमेटी के सदर ने क्षेत्र के लोगों से समय से पहले ईदगाह पहुंचने की गुजारिश की है। इसके साथ ही कस्बे की मोती मस्जिद में ईदुल अजहा की नमाज सुबह 7.30 बजे अदा की जाएगी। मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना आबिद हुसैन ने लोगों से समय से मस्जिद पहुंचने की गुजारिश की है।

# बकाया मानदेय भुगतान की मांग को लेकर एडीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** सामुदायिक शौचालय केयर टेकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं केयरटेकरों ने शुक्रवार को एडीओ पंचायत मीरगंज को ज्ञापन सौंपकर बकाया मानदेय भुगतान की मांग की। केयरटेकरों ने बताया कि मीरगंज ब्लॉक के अंतर्गत कार्यरत केयरटेकरों का मानदेय लंबे समय से बकाया है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने मांग की कि सभी केयरटेकरों का बकाया मानदेय जल्द जारी कराया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। केयरटेकरों का कहना है कि समय से भुगतान न होने के कारण परिवार का भरण-पोषण प्रभावित हो रहा है।इस दौरान शनि कुमार, अजय पाल, शिव कुमारी सहित तमाम केयरटेकर मौजूद रहे।

# माया अस्पताल में सुंदरकांड पाठ के बाद हुआ विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर के प्रसिद्ध माया अस्पताल में शुक्रवार को सुन्दरकांड पाठ के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। भाजपा की जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार और माया अस्पताल के एमडी/ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार द्वारा शुक्रवार को सुन्दर कांड का पाठ का आयोजन कराया गया। महंत शिवा नन्द महाराज ने पाठ कराया। पाठ के बाद अपराह 4 बजे विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, मीरगंज विधायक डॉक्टर डी सी वर्मा, विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, भाजपा के जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, पूरन लाल लोधी, भूमी विकास बैंक के निदेशक रवीन्द्र सिंह राठौर, अर्बन बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, एशियन लॉ कॉलेज के एम डी एड नंदकिशोर, गन्ना समिति के उपाध्यक्ष सर्वेश गंगवार, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव गंगवार, युवा अधिवक्ता उपेन्द्र गंगवार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। भंडारे में पहुंचे अतिथियों का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा की जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

# चेकिंग के दौरान दो बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना स्वार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी स्वार के निर्देशन में पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान खुशहालपुर मोड़ से दो अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिलों सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कृष्ण सिंह पुत्र गुरुचरण निवासी ग्राम कलियावाला थाना जसपुर जनपद ऊधमसिंहनगर तथा सचिन पुत्र जय सिंह निवासी ग्राम किशनपुर आरपी थाना स्वार जनपद रामपुर शामिल हैं। दोनों अभियुक्त चोरी की मोटरसाइकिलों पर सवार थे। पुलिस ने उनके कब्जे से एक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस चौसिस नंबर MBLHA 10 EJ 9 HF 233 XX तथा इंजन



नंबर HA10EA9HF073XX एवं एक हीरो एचएफ डीलक्स चौसिस नंबर MBLHAR050H9H024XX एवं इंजन नंबर HA11EPH9H122XX बरामद की, जिन पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना स्वार में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनि. रीक्षक सोहनपाल सिंह, हेड कांस्टेबल जसवीर सिंह, हेड कांस्टेबल नितिन कुमार, कांस्टेबल धीरेन्द्र सिंह एवं कांस्टेबल अश्वनी कुमार शामिल रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर पौधारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट रजि. मुरादाबाद के तत्वावधान में ग्राम झनकपुरी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लीची और नींबू के पौधे लगाए गए। पर्यावरण प्रेमी पुष्पेन्द्र कुमार पाल ने कहा कि पौधारोपण संरक्षण की भावना से करना चाहिए, ताकि प्रकृति हरी-भरी बनी रहे।

मनीषा पाल ने जैव विविधता को मानव जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी बताया।

संस्था के संस्थापक नैपालसिंह पाल ने लोगों से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सोमपाल सिंह, विमला देवी, रामवती देवी, यवन पाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# एसबीआई कर्मचारियों का मोमबत्ती मार्च, 25-26 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर देशव्यापी आंदोलन के तहत आगामी 25 व 26 मई 2026 को भारतीय स्टेट बैंक में प्रस्तावित पूर्ण हड़ताल से पूर्व शुक्रवार शाम रामपुर में कर्मचारियों ने मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन, क्षेत्र-5 रामपुर के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने बताया कि फेडरेशन द्वारा जारी आंदोलनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि बैंक कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर पूरे देश में आंदोलन जारी है और आने वाले दिनों में भी विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। एसोसिएशन की सचिव उत्कर्षा




सिंह ने बताया कि रामपुर मुख्य शाखा के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर प्रबंधन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से तरू राज सक्सेना, उत्कर्षा सिंह, शिवानी, अर्चना सिंह, अपूर्व जैन, यशु, निशा, वंशिका, राधिका, कम्मो, अभिषेक सिसोदिया, सीएससी शाखा के सचिव रितेश त्रिवेदी, दिनेश सिंह, गंगादीन, अमरदेव, रामेंद्र गोले, प्रमोद कुमार, आरबीओ-5 से विनय सिंह, प्रिंस कुमार, अशरफ खान, चांदनी सहित बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## नदी में डूबने से किशोर की हुई मौत 15 घंटे भारी मशक्कत के उपरांत मिला शव, गांव में छाया मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेरुआ में बीते गुरुवार बह रही नदी में एक 12 वर्षीय किशोर के डूबे हुए शव हुआ लगभग 15 घंटे भारी मशक्कत करने के उपरांत बरामद हुआ शव। इस हादसे के बाद संपूर्ण गांव में कोहराम मचा हुआ है मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेरुआ निवासी फरहान पुत्र अरकान अधिक गर्मी होने के कारण गर्मी से राहत पाने के लिए अपने साथियों के साथ नदी में नहाने के लिए गया हुआ था। नदी में अधिक गहरे पानी में पहुंचने के कारण किशोर डूब गया। जिसकी सूचना किशोर के साथियों ने ग्रामीणों से की सूचना मिलते ही मौके पर काफी भारी संख्या में भीड़ इक्कठी हो गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को



बुलवाकर इनकी मदद से डूबे किशोर की खोजबीन शुरू कर दी। जिसकी लगभग 15 घंटे भारी मशक्कत करने के उपरांत अगले दिन शुक्रवार को डूबे किशोर फरहान का शव ग्राम रायपुर के समीप नदी से बरामद किया शव मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। गांव में छाया मातम वही प्रशासन ने भीषण गर्मी के रहते अपने अपने बच्चों को घर से न निकलने ओर समस्त ग्रामवासियों से सावधानी बरतने की अपील की।

# पत्रकार समाज की आवाज: नारद जी का जीवन पत्रकारिता के लिए अनुकरणीय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विश्व संवाद केन्द्र रामपुर के तत्वाधान में नारद जयंती एवं हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर ष्समकालीन पत्रकारिता-राष्ट्र सरोक. ार गोष्ठी का आयोजन दी ग्रैंड रीजेंसी, अजीतपुर में किया गया। मुख्य अतिथि विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन नें हिंदी पत्रकारिता दिवस पर प्रकाश डालते हुये बताया कि वर्तमान भारत मे लगभग 200 वर्ष पूर्व प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड 30 मई 1826 को देवऋषि नारद जी की जयंती पर प्रथम बार कोलकाता मे प्रकाशित किया गया जिससे ये सिद्ध होता है कि प्राचीनक. ाल से ही नारद जी को सृष्टि का आदि पत्रकार माना जाता है और उनकी जयंती को पत्रकार दिवस मनाया जाता।




नारद जी का जीवन पत्रकारिता के लिए अनुकरणीय है। मुख्य वक्ता डॉ. विशेष गुप्ता बताया कि भारत मे प्राचीन काल से ही पत्रकारिता एवं एक समृद्ध संस्कृति के सभी आयाम प्रतिस्थापित थे।

समाज में पत्रकारिता का उच्चतम स्थान है और ये स्थान पत्रकार जगत को उनकी मेहनत, लगन, कार्य के प्रति ईमानदारी से मिला है। पत्रकार जगत के इस महत्वपूर्ण योगदान के कारण ही आज मीडिया या पत्रका. रिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में जाना जाता है। नारद आदि संव. ादवाहक थे उन्होंने सदैव राक्षसी प्रवृत्तियों के विनाश का कार्य करने मे सवांहक होने का दायित्व इमानदारी से निभाया। पत्रकारों को राष्ट्रवाद का शंखनाद करना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक अंकुर कुमार एडवोकेट रहे संचालन विभाग सोशल मीडिया प्रमुख प्रशान्त मिश्रा ने किया अध्यक्षता जिला प्रचार प्रमुख गोपी. चंद ने की इस अवसर पर रामपुर जिले के प्रमुख सम्मानित प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, फ्रीलांसर पत्रकार, यूट्यूबर, विभाग कार्यवाह योगेंद्र चौहान, जिला संघचालक केशव गुप्ता, सह संघचालक राजेन्द्र कुमार, जिला प्रचारक प्रमोद कुमार, विश्व संवाद केंद्र के प्रतीक चौहान, महेंद्र कुमार, भीम सिंह, आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आधी रात घर में घुसे चोर, महिला के जागते ही छत से कूदकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बढ़ते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला नगर के एक घर का है, जहां आधी रात को अज्ञात चोर घर में घुसकर लाखों के जेवरात और मोबा. इल चोरी कर ले गए। महिला के जागने और शोर मचाने पर चोर छत के रास्ते फरार हो गए। मोहल्ला निवासी आबिदा पत्नी मोहम्मद सलीम ने थाना सैफनी में दी तहरीर में बताया कि वह रात में अपनी बेटी के साथ घर पर सो रही थीं। देर रात करीब डेढ़ बजे उन्हें घर में किसी के होने की आहट महसूस हुई। आंख खुलने पर उन्होंने देखा कि कमरे में रखा संदूक खुला पड़ा था और सामान बिखरा हुआ था। वहीं चार्जिंग पर लगा वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबा. इल फोन भी गायब था। यह नजारा देखते ही महिला के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत शोर मचाना शुरू कर



दिया। शोर सुनते ही घर में घुसे दो अज्ञात चोर जीने के रास्ते छत पर पहुंचे और वहां से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार चोर घर से सोने की अंगूठी, एक जोड़ी टॉप्स, कानों की बालियां, नाक की लॉन्ग, चांदी की पैर की चेन, हाथ का हथफूल और चांदी के दो जोड़ी बिछुए चोरी कर ले गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।पीड़िता ने थाना सैफनी पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नाबालिग से अश्लील हरकत और मारपीट के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** थाना स्वार पुलिस ने नाबालिग से अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर मारपीट के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया है।

गुरुवार को पीड़िता की ओर से थाना स्वार में तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि ग्राम धम्मन निवासी सुहैल पुत्र भुटटो घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर पीड़िता के भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। मामले में थाना स्वार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमे



में धारा 64(1) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। थाना स्वार पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर तहसील तिराहे के पास से आरोपी सुहैल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सूरज सिंह चौहान, कांस्टेबल महेश कुमार, महिला कांस्टेबल प्रिया गौतम एवं महिला कांस्टेबल पारूल शामिल रहे।

## दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली मिलक पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी मिलक के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनी राम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों में अशोक कुमार निवासी अस्दुल्लापुर, मिलक तथा गुच्छन निवासी सुजातपुर, मीरगंज बरेली शामिल हैं। दोनों अभियुक्त क्रिमिनल अपील संख्या 3352/1985 में वांछित थे और उनकी पेशी 22 मई को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामपुर में निर्धारित थी। पुलिस ने दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# ग्राम बबूरा में किसान क्रेडिट कार्ड जागरूकता एवं पंजीकरण कैम्प आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के अग्रणी जिला प्रबंधक शिवांग जोशी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 15 मई से 31 मई तक किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) बनाने एवं नवीनीकरण के लिए विकास खंड स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील मिलक के ग्राम बबूरा में जागरूकता एवं पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया।

अग्रणी जिला प्रबंधक शिवांग जोशी ने बताया कि कैम्प का मुख्य उद्देश्य किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ना तथा उन्हें कृषि ऋण सुविधा का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड किसानों की आर्थिक मजबूती का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसके जरिए किसान आसानी से कृषि कार्यों के लिए ऋण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि समय पर ऋण भुगतान करने वाले किसानों को ब्याज में मिलने वाली विशेष सुविधाओं का लाभ भी दिया जाता है।

जोशी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसान इस योजना से जुड़ें और शासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान का लाभ उठाएं। कैम्प में उपस्थित किसानों को योजना से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई।




# सड़क और नाली निर्माण की मांग को लेकर भाकियू (श्रमिक जनशक्ति) ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जनशक्ति) के प्रदेश महासचिव जुबैद खान एवं जिला मीडिया प्रभारी फैसल खान ने जिला कलेक्टर डीएम को ज्ञापन सौंपकर सेजनी-नानकार क्षेत्र में सड़क के नव-निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र के ग्रामीण और किसान लंबे समय से जर्जर सड़क और अधूरी नाली निर्माण की समस्या से परेशान हैं। पूर्व में भी नाली निर्माण को लेकर प्रशासन को ज्ञापन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रदेश महासचिव जुबैद खान ने कहा, "हमारे किसान लंबे समय से इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। सड़क और नाली की समस्या के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला मीडिया प्रभारी फैसल खान ने कहा, "हमने पहले भी नाली निर्माण के लिए निवेदन किया था, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं कराया गया। प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इस दौरान तौसीफ खान, बाबू खान, इमरान खान, एडवोकेट जैनुल आबिदीन, एडवोकेट नरेश कुमार, आदेश कुमार, बबलू हाफिज, नाजिम खान एवं नावेद मियां सहित कई लोग मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जनशक्ति) ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य जल्द पूरा कराया



जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## रामपुर में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम, बनमनपुरी में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। खेल निद. ेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशन में यह निर्माण कार्य यूपीपीसीएल मुरादाबाद द्वारा कराया जा रहा है। कार्यक्रम में शहर विधायक आकाश सक्सेना, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी रंजीत सिंह ने विधिवत पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि इस परियोजना से खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें अभ्यास के लिए अन्य जनपदों में नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम में संतोष कुमार, अवधेश वर्मा, डॉ. अनुप कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बाइक भिड़ंत में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के ग्राम अल्फगंज निवासी हरद्वारी पुत्र बाबू ने 21 मई को दी तहरीर में बताया कि प्रार्थी का पुत्र ओंकार सिंह अपनी बाईक नंबर पी बी 65बी एन 6961 को स्वयं सावधानी पूर्वक धीरे धीरे अपने बाय हाथ पर चलाकर अपने गांव अलफगंज से सैफनी जा रहा था। जैसे ही लगभग रात्रि 9:30 बजे भूड़ा गेट के बीच में ग्राम कासमनगला के बीच में पहुंचे ही थे कि तभी पीछे से मोटर साइकिल नं. यू पी 22 एन 3114 को उसका चालक बहुत तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाता हुआ लाया ओर मोटर साइकिल नं. पी बी 65 बी एन 6961 में पीछे से लाकर टक्कर मार दी टक्कर लगने से ओंकार सिंह को गंभीर एवं प्राण घातक चोटे आई थी और दोनों मोटर साइकिले क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस घटना को प्रमोद व अशोक ने अपनी आंखों से घटित होते देखा था वाहन का नं. नोट किया था और मोबाइल फोन द्वारा पुलिस व एंबुलेंस सहित परिजनों को दी थी। गवाहन की मदद से घायल ओंकार सिंह को उपचार हेतु सी.एच.सी. केंद्र शाहाबाद भर्ती कराया गया। उसके उपरांत लाल सिंह मुरादाबाद अस्पताल व उसके बाद सिलेक्ट अस्पताल मुरादाबाद फिर सफदरगंज अस्पताल नई दिल्ली में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज के दौरान 21 मई की रात्रि में दुर्घटना में आई चोटों के कारण युवक ओंकार सिंह की मौत हो गई।

वहीं प्रार्थी ने कहा कि मृतक पुत्र का लगातार इलाज में लगे रहने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने थाने न आ सका अत: प्रार्थी ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर दूसरी बाईक यू पी 22 एन 3114 के चालक के विरुद्ध कार्यवाही करने की लगाई गुहार। वहीं पुलिस ने प्रार्थी की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही शुरू की।


**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) F.T.C. महोदय, जनपद रामपुर।**

**वाद सं.**-211 **सन्** 2025

श्रीमति मंगोली देवी आयु करीब 65 वर्ष पत्नी स्व. नत्थू सिंह निवासी ग्राम मझरा मढौली तहसील सदर जिला रामपुर। .....**वादनी**

**बनाम**

1-सरकार उ.प्र. द्वारा जिला कलेक्टर महोदय जिला रामपुर।

4-आम जनता ......**प्रतिवादीगण**

**नोटिस इस्तेहार सूचना बनाम आम जनता**

आम जनता को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता हैं कि प्रार्थिनी ने इस न्यायालय में उपरोक्त वाद सं. -211/2025 श्रीमति मंगोली देवी बनाम सरकार उ.प्र. आदि के अर्न्तगत उदघोषणा वाद प्रस्तुत किया हैं लिहाजा आपको हुकुम होता हैं कि वातारीख हस्वजैल का असालतन या मार्फत के जो हालात मुकदमा से करार बाकई वाकिफ किया गया हैं और जो कुल अहम मुताल्बिक मुकदमा का जबाव दे सके या जिनके पास कोई शख्स हो जो जबाव ऐसे हवालात दे सके हाजिर हो और जबाव देही कर सके। अत: यह इस्तेहार निकाला जाता हैं कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04.07. 2026 को प्रात: 10 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। तारीख गुजरने के बाद किसी की आपत्ति नही सुनी जायेगी। और उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक-22/05/2026 को न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**मुंसरिम**

**सिविल जज (क.ख.)/त्वरित न्यायालय रामपुर**


# नगर में निकाली गई श्री श्याम ध्वज यात्रा

## भव्य जुलूस में गूंजे बाबा श्याम के जयकारे, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नगर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब श्री श्याम ध्वज यात्रा शाम 5 बजे होली रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर से धूमधाम के साथ प्रारंभ हुई। ध्वज यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए भव्य रूप से निकाली गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते हुए बाबा श्याम के जयकारे लगाते चल रहे थे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। यात्रा का समापन उत्सव स्थल रामल. ीला मैदान, मिलक में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने ध्वज चढ़ाकर बाबा



श्याम की पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुनील गुप्ता के साथ जलज गुप्ता, गौरव गुप्ता, परख गुप्ता, वंशज गुप्ता, प्रभात गुप्ता, स्पर्श गुप्ता, अनिल गुप्ता, किंग गुप्ता, शुभम गुप्ता, गुड्डू भार्गव, गोपाल रस्तोगी, शोभित जैन, माणिक जैन, प्रमोद महाजन, संजय माहेश्वरी, जितेंद्र गोस्वामी, सुमित शर्मा, वैभव गुप्ता, आशीष कश्यप सहित बड़ी संख्या में खाटू श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# पत्रकार मोहित वशिष्ठ को मिली बड़ी जिम्मेदारी, संयुक्त सुरक्षा परिषद एसोसिएशन ने बनाया शाहाबाद तहसील अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर के युवा पत्रकार मोहित वशिष्ठ को उनके उत्कृष्ट कार्य, सामाजिक सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। गुरुवार को संयुक्त सुरक्षा परिषद एसोसिएशन नई दिल्ली द्वारा उन्हें शाहाबाद तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत कर सम्मानित किया गया।

इस घोषणा के बाद क्षेत्र के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि मोहित वशिष्ठ लंबे समय से पत्रकारिता के




माध्यम से सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं और आमजन की आवाज प्रशासन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके कार्यों और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है।मोहित वशिष्ठ ने संगठन का आभार जताते हुए कहा कि जो विश्वास उन पर जताया गया है, वह उस पर पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य किया जाएगा।

उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों और साथियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम RIAZUL ISLAM अंकित हो गया है, जिसकी वर्तनी गलत है।जबकि आधार कार्ड, हाईस्कूल के अंक पत्र और पेन कार्ड में RIYAZUL ISLAM अंकित है,जो कि सही है। RIAZUL ISLAM और RIYAZUL ISLAM यह दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

MUNIRUL ISLAM S/O
RIYAZUL ISLAM R/O
Mohalla Masjid kohna Tanda
Distt- Rampur U.P.

